Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department: Sports Committee

PPU Inter College Kho-Kho (Female) Tournament 2023

8-9.11.2023

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय खो- खो टूर्नामेंट 2023 का उद्घाटन दिनांक08.11.2023 को श्री अरविंद महिला महाविद्यालय,पटना के खेल परिसर में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के प्रति कुलपति प्रो. गणेश महतो के द्वारा समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ललन कुमार ने खेल प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए जीवन में खेलों के महत्व् को रेखांकित किया। विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. मनोज कुमार ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा खेलों के लिए किये जा रहे गतिविधियों को रेखांकित किया और खेलों का करियर के लिए महत्ता को भी बताया। समारोह के अध्यक्षीय संबोधन में विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. गणेश महतो ने खेलों के साथ साथ जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं के बढ़ते उल्लेखनीय उपलब्धियों को बताया। उद्घाटन समारोह के अंत में पूरी उपस्थिति की ओर से अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन प्रो. साधना ठाकुर के द्वारा किया गया। मंच संचालन प्रो. प्रभा मिश्रा के द्वारा किया गया जबकि इस समारोह का आयोजन महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी प्रो अंजलि प्रसाद के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर पुरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

इस टूर्नामेंट में छः महाविद्यालयों की टीम भाग लीं।टूर्नामेंट के पहले दिन लीग मैचों का आयोजन हुआ जिसमें ए. एन. कॉलेज; गंगा देवी महिला कॉलेज, अरविंद महिला कॉलेज तथा जे. डी.विमेंस कॉलेज विजयी हुए।

पीपीयू अंतर महाविद्यालय खो खो टूर्नामेंट 2023 के दूसरे दिन दिनांक 09.11.2023 को श्री अरविंद महिला कॉलेज के क्रीड़ा परिसर में फाइनल मैच खेला गया जिसमें जे डी वीमेंस कॉलेज की टीम श्री अरविंद महिला कॉलेज की टीम को रोमांचक मैच में दो अंकों से पराजित कर विजेता बनीं। इसके पूर्व ए एन कॉलेज पटना और श्री अरविंद महिला कॉलेज के बीच पहला सेमी फाइनल तथा जे डी वीमेंस कॉलेज और गंगा देवी महिला कॉलेज के बीच

दूसरा सेमी फाइनल खेला गया था जिसमें क्रमशः श्री अरविंद महिला कॉलेज तथा जे डी वीमेंस कॉलेज विजयी हुई थीं। तीसरे स्थान पर ए एन कॉलेज, पटना की टीम रही।

बेस्ट प्लेयर का अवार्ड श्री अरविंद महिला कॉलेज की छात्रा अंशु कुमारी को प्रदान किया गया।

समापन समारोह में सभी का स्वागत करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो ललन कुमार ने जीवन में खेलों के महत्व् को प्रकाशित करते हुए बताया कि हार और जीत जिंदगी के हिस्से हैं और खेल को खेल की भावना से ही लेना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आई हुईं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की डीन प्रो रिमझिम शील ने संबोधित करते हुए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन कीं। इस अवसर पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी प्रो अंजलि प्रसाद ने कहा सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति अपना आभार प्रकट कीं। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं के साथ सभी शिक्षक, कर्मी तथा पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

पीपीयू अंतर महाविद्यालय खो-खो टूर्नामेंट की विजेता बना जेडी वीमेंस कॉलेज

पटना|पीपीयू अंतर महाविद्यालय खो-खो टूर्नामेंट 2023 के दूसरे दिन श्री अरविंद महिला कॉलेज के क्रीड़ा परिसर में फाइनल मैच खेला गया। इसमें जेडी वीमेंस कॉलेज और श्री अरविंद महिला कॉलेज के बीच रोमांचक मैच में जेडी वीमेंस कॉलेज ने दो अंकों से जीत हासिल किया। इसके पूर्व एएन कॉलेज पटना और श्री अरविंद महिला कॉलेज के बीच पहला सेमी फाइनल खेला गया। वहीं जेडी वीमेंस कॉलेज और गंगा देवी महिला कॉलेज के बीच दूसरा सेमी फाइनल खेला गया था जिसमें श्री अरविंद महिला कॉलेज और जेडी वीमेंस कॉलेज विजयी हुई थीं। तीसरे स्थान पर एएन कॉलेज की टीम रही। बेस्ट प्लेयर का अवार्ड श्री अरविंद महिला कॉलेज की छात्रा अंशु कुमारी को प्रदान किया गया। समापन समारोह में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ललन कुमार ने सभी को प्रोत्साहित किया।